केंद्रीय विद्यालय बड़वानी

जिला बड़वानी (म.प्र.) पिन – 451551
E.Mail: barwanikv@gmail.com Website: www.badwani.kvs.ac.in Phone: 07290-223888

फा 5-9/ कोरोना /के. वि . बडवानी /२०२०/ दिनांक -04/03/2020

अभिभावक, स्टाफ व विद्यार्थियों हेतु सुचना

केंद्रीय विद्यालय बड़वानी की बैठक में आज 04/03/2020 को हुई विशेष बैठक एवं श्रीमान उपायुक्त महोदय केंद्रीय विद्यालय संगठन , क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त अनुदेशों अनुसार निर्णय लिया गया है की कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने पर निम्न 5 सावधानी बरते एवं उक्त सावधानियो का अधिकाधिक जनहित में प्रचार प्रसार करे ।

सावधानी ही कोरोना वायरस का बचाव है ।

1. **नियमित रूप से पानी और साबुन से हाथ धोए** : छिकने, खासने , टायलेट आदि के पश्चात् एवं बीमार व्यक्ति से मिलने , खाना पकाने अथवा खाना खाने इत्यादि के पूर्व एवं पश्चात साबुन एवं जल से नियमित रूप से हाथ धोये ।
2. **छीकते एवं खांसते समय नाक और मुंह ढके :** छींकते एवं खांसते समय नाक एवं मुंह को रुमाल , टिश्यू या कोहनी से ढांक कर रखे ।
3. **हाथ मिलाने के बजाय नमस्ते करे एवं दुरी बनाये रखे :** लोगो से हाथ न मिलकर दूर से नमस्ते करे ।
4. **खुले एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थो का सेवन न करे :** बाजार में या घर पर खुले एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थो के सेवन करने से परहेज करे ।
5. **जिस व्यक्ति में खांसी, जुखाम या बुखार के लक्षण हो उससे दुरी बनाये रखे :** खांसी,बुखार या जुखाम से पीड़ित व्यक्ति से कम से कम 1 मीटर की दुरी बनाएं ।
   खांसी , बुखार या साँस लेने में परेशानी है तो मान्यता प्राप्त चिकित्सक से उपचार ले , झोलाछाप चिकित्सक से उपचार लेने से परहेज करे ।

प्राचार्य
के. वि. बड़वानी